भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 958
(दिनांक 22.11.2019 को उत्तर देने के लिए)

आकाशवाणी कुर्सेओंग केंद्र पर डीआरएम ट्रांसमीटर

958. श्री राजू बिष्टः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को आकाशवाणी कुर्सेओंग केंद्र पर डीआरएम ट्रांसमीटर लगाने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और आकाशवाणी कुर्सेओंग केंद्र पर डीआरएम ट्रांसमीटर लगाने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) आकाशवाणी कुर्सेओंग केंद्र पर डीआरएम ट्रांसमीटर लगाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क): जी हां।

(ख) और (ग): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि कुर्सेओंग में मियाद समाप्त 50 किलोवाट एसडब्ल्यू ट्रांसमीटर को 50 किलोवाट डिजिटल एसडब्ल्यू ट्रांसमीटर से बदलने हेतु परियोजना को अनुमोदित किया गया है। उक्त ट्रांसमीटर को बदलने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

******